लोक सभा सचिवालय द्वारा वर्ष 2018 के कैलेंडर के लोकार्पण के अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण

मित्रो! हम लोग यहां भारतीय संसदीय समूह (IPG) की वार्षिक आम सभा की बैठक में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए हैं। इससे पहले कि हम वार्षिक आम सभा की औपचारिक कार्यवाही प्रारंभ करें, हमलोग बहुत आभारी हैं कि माननीय उपराष्ट्रपति जी ने लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2018 के कैलेंडर के लोकार्पण का आग्रह सहर्ष स्वीकार कर अनुग्रहित किया है।

''संसद भवन में Mural Paintings'' की थीम पर पहली बार कैलेंडर सन् 1999 में छापा गया था। समय के साथ, विभिन्न थीमों पर कैलेंडर छापे गए जिनमें राष्ट्रीय नेताओं के चित्र एवं संसदीय परिसर में स्थापित प्रतिमाएं, Presidential Processions, संसद भवन, संसदीय ज्ञानपीठ एवं संसदीय सौध के महत्वपूर्ण स्थान, संसद भवन परिसर के कार्यबल एवं सर्वोच्च विधान मंडल में आने वाले आगंतुकगण इत्यादि थे।

मैं एक बात का उल्लेख करना चाहूंगी कि लोक सभा के कैलेंडर मुझे हमेशा ही बहुत अच्छे लगे हैं एवं उनमें कुछ–न–कुछ संदेश मुझे सदैव दिखा है। जब मैंने लोक सभा अध्यक्ष का पद संभाला तो सबसे पहले मेरे मन में यह बात आई कि क्यों न उत्कृष्ट संसदविदों (Outstanding Parliamentarians) को सम्मानित करते हुए कैलेंडर छपे जो सदैव चिरस्मरणीय हो और हमने वर्ष 2015 के कैलेंडर में उन फोटोग्राफ को छापने का निर्णय लिया।

वर्ष 2016 में हमने संसद भवन की बिल्डिंग के गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की गई रोशनी के चित्रों को कैलेंडर में सजीव बनाने का

सोचा। मैं समझती हूं कि वह प्रयोग भी सभी जन को भाया होगा एवं वह कैलेंडर भी संग्रहणीय (presentable and memorable) बन सका।

मित्रो! मेरा सदैव से यह प्रयत्न रहा है कि कार्यालय में कार्य संचालन में कम से कम कागजों का उपयोग हो ताकि पेड़ों की रक्षा की जा सके। इस दिशा में हमने कई प्रयास किए हैं। वर्ष 2017 का कैलेंडर की थीम संसद भवन परिसर के flora and fauna पर आधारित था।

आज जिस कैलेंडर का लोकार्पण माननीय उपराष्ट्रपति महोदय के कर कमलों द्वारा किया जा रहा है, वह संसद भवन की बिल्डिंग, दीवारों, मेहराबों, गुम्बदों, कक्षों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर उत्कीर्ण की गई उन ज्ञानपरक श्लोकों एवं ऋचाओं की ओर सबका ध्यान आकर्षित करता है जो विभिन्न भाषाओं में लिखी गईं हैं एवं ये संसद भवन में आने जाने वाले लोकतंत्र के सभी भागीदारों के लिए प्रेरणास्रोत हैं एवं ये उत्कीर्ण लेख (Inscriptions) सार्वभौमिक संदेश का प्रचार–प्रसार करते हैं। ये सद्विचार हमारे प्राचीन ग्रंथों से लिए गए हैं। ये सद्विचार लोकतांत्रिक तरीके से समाज विशेषकर आम जनता को केन्द्र में रखकर उनके कल्याण की भावना को महत्व देते हैं। ये इस बात पर भी जोर देते हैं कि सत्य और सन्मार्ग का अनुकरण करना ही किसी सभा (assembly) का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

मुझे आशा है कि वर्ष 2018 का यह कैलेंडर, जिसके प्रकाशन के लिए लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बहुत लगन, धीरज और मनोयोग से कार्य किया है, उनके परिश्रम की सभी लोग प्रशंसा करेंगे एवं सभी को यह कैलेंडर बहुत अच्छा एवं प्रेरित करने वाला (inspirational) लगेगा। इस सुन्दर एवं मनोयोगी विचार, उत्कृष्ट design एवं खूबसूरत presence के लिए मैं कैलेंडर के designer को भी साधूवाद देती हूं।

अब मैं माननीय उपराष्ट्रपति जी से इसका लोकार्पण करने का आग्रह करती हूं।

धन्यवाद।

———